250 रुपए तक या 6 महीने का जुर्माना पहले था, अब उनके लिए एक वर्ष का कारावास या 2000 हजार रुपए तक का जुर्माना हमने निश्चित किया है ताकि इस प्रकार से ...(**व्यवधान**)

श्री सभापति : यह हाउस के सामने आज शाम को आ रहा है ।... (**व्यवधान**)

श्री महावीर प्रसाद : तो मैं माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि इस तरह से हम उपाय कर रहे हैं ताकि दूसरे यात्री उसमें न बैठ सकें ।

श्री मोहम्मद अमीन : अध्यक्ष जी, लांग डिस्टेंस ट्रेनों में रिजर्वेशन के मामले में लोगों को बड़ी दिक्कत पेश आ रही है । लोगों को रिजर्वेशन मिलता नहीं है । तो क्या कम्प्यूटर सिस्टम होने से यह हालत और खराब हुई है ?

श्री महावीर प्रसाद : ऐसी बात नहीं है, कम्प्यूटर होने से हालत अच्छी हुई है ।

श्री सुरेश पचौरी : माननीय सभापति जी, मंत्री जी ने अभी अपने उत्तर में बताया कि जी. आर. पी. और आर०पी० एफ० की मदद से अचानक जांच की जाती है और अनधिकृत यात्रियों को दण्डित किया जाता है, साथ ही ड्यूटी पर तैनात जो कंडक्टर होते हैं और टिकट परीक्षक होते हैं, लापरवाही बरतने की वजह से उनको भी नियमानुसार दण्डित किया जाता है । मैं मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि अभी तक, जनवरी, 1989 से मई, 1989 तक कितनी बार भोपाल से दिल्ली के बीच में सरप्राइज चैकिंग हुई ? कितने कंडक्टरों और टी. टी. के खिलाफ शिकायत आई ? कितने ऐसे यात्री पकड़े गए जो अनधिकृत पाए गए और उनके खिलाफ अभी तक क्या-क्या कार्यवाई की गई ? साथ ही माननीय, मैं यह भी जानना चाहूंगा कि टी. टी. या अटेंडेंट से जब कम्पलेंट बुक की बात की जाती है तो वह अक्सर मना कर देते हैं । मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि कम्प्लेन्ट बुक किसके पास रहती है ताकि जो शिकायतें मिलें उनको विधिवत दर्ज किया जा सके ?

श्री महावीर प्रसाद : माननीय सदस्य इसके विषय में विशेष जानकारी चाहते हैं तो अलग से नोटिस दें, मैं बता दूंगा

MR. CHAIRMAN : Question Hour is over.

WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

Introduction of voluntary retirement scheme by ITDC

*225. SHRI V. GOPALSAMY :

SHRI T.R. BALU ;

Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state :

(a) whether the management of India Tourism Development Corporation has introduced a voluntary retirement scheme ;

(b) if so, what are the reasons therefor ;

(c) what is the number of workers who opted for the scheme and have since retired ; and

(d) for how long the scheme will remain in operation?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI SHIVRAJ PATIL) : (a) and (b) ITDC had introduced a Pre-mature Retirement Scheme which was operative between 18-6-1985 to 31-7-1985 for the purpose of providing retirement

benefits to such employees who wished to seek pre-mature retirement because of physical incapacity, etc.

(c) Out of 203 employees who opted for the Scheme, 46 employees were granted premature retirement.

(d) The Scheme was in operation between 18-6-1985 to 31-7-1985.

नेपाल में रहने वाले भारतीय मूल के व्यक्तियों के हितों की रक्षा

*226. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) नेपाल में भारतीय मूल के रहने वाले व्यक्तियों के हितों की रक्षा करने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए हैं;

(ख) ऐसे व्यक्तियों की कुल संख्या कितनी है ; और

(ग) क्या यह सच है कि नेपाल में भारतीयों द्वारा परिसम्पत्ति खरीदे जाने पर प्रतिबन्ध है ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० नटवर सिंह) : (क) नेपाल में भारतीय राष्ट्रिकों के प्रति भेदभाव बरते जाने और उन्हें परेशान करने के मामले जब कभी सरकार की जानकारी में आते हैं तो नेपाल स्थित हमारे राजदूत ऐसे मामले नेपाल के महामहिम की सरकार के साथ उठाते हैं।

(ख) भारत सरकार के लिए ठीक-ठीक यह बताना मुमकिन नहीं है कि नेपाल में भारतीय मूल के कितने लोग रहते हैं लेकिन यह संख्या नेपाल की कुल आबादी का काफी बड़ा भाग है ।

(ग) जी, हां ।

High Power Committee to look into flying training and maintenance aspects of Airlines

*227. SHRI SURESH PACHOURI : Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state :

(a) whether it is a fact that his Ministry has set up two High Power Committees to look into flying training and maintenance aspects of the Airlines ; and

(b) if so, what is the composition and terms of reference of each committee ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI SHIVRAJ PATIL) : (a) Two such committees have been formed for Indian Airlines.

(b) The composition of the maintenance committee is :

1. Shri J. K. Mehra	Chairman
2. AVM Gowrie S. G. Thate, Air HQ.	Member
3. Shri R. K. Hasija, Retd. Air India Officer	Member
4. Shri K. B. Ganesan, Former DGCA	Member
5. Shri S. P. Marya, Dy. DGCA	Member